तापमान
अधिकतम 37 .6 डिग्री
न्यूनतम 24 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त, 2025

12 बाजारों से होकर निकली शीतला माता की शोभायात्रा

12 मानव समाज को ब्रह्मज्ञान रूपी संजीवनी की जरूरत


## खबर संक्षेप

### आग में खाक हुई ड्रीम फर्निशिंग कंबल फैक्ट्री

**पानीपत।** काबडी रोड क्षेत्र की गोपाल कॉलोनी में स्थित ड्रीम फर्निशिंग कंबल फैक्ट्री में रविवार की सुबह भीषण आग लग गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग को काबू करने का काम शुरू किया गया। दमकल की दस गाडियों की मदद से करीब पांच घंटों में आग को काबू किया गया। गनीमत रही कि आगजनी से फैक्ट्री में किसी तरह की जानी नुकसान नहीं हुआ है। जबकि आग में फैक्ट्री के भवन, मशीनों, बिजली के फीटिंग, तैयार व कच्चे माल को काफी हानि हुई है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म पुलिस ने केस दर्ज किया

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में एक समुदाय विशेष के शादीशुदा व्यक्ति के किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी घर से भागने लगा तो लड़की के परिवार वालों ने उसे देख लिया। जिसके बाद लड़की से बात की गई तो उसने रोते हुए आपबीती सुनाई। इधर, परिजनों की सूचना पर पुलिस ने लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी की पत्नी करीब दो माह पहले झगड़े के कारण उसे छोड़कर जा चुकी है। वहीं आरोपी फरार है और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव डाहर निवासी अंकित को तेज रफ्तार दिल्ली नंबर की ऑल्टो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में अंकित की मौत हो गई। वहीं थाना इसराना पुलिस ने चाचा अजमेर की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद अंकित का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कृषि मंत्री ने गांव ऊंचा चांदना में तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना

# मेक इन इंडिया को मजबूत करने के लिए खरीदें स्वदेशी वस्तुएं : राणा

#### तिरंगा यात्रा के दौरान लगे भारत माता की जय के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ किसी भी देश की पहचान उसका झंडा होता है : कृषि मंत्री

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में देश में चहुंमुखी विकास हो रहा है।

उन्होंने उक्त शब्द रविवार को सरस्वती खंड के गांव ऊंचा चांदना से भारत माता की जय के नारे के उद्घोष के साथ तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहे। इस मौके पर उन्होंने देश के वीर जवानों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा ऊंचा चांदना से शुरु होकर विभिन्न गांव से होते हुए टोपरा कलां में जाकर संपन्न हुई।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश हित के लिए निर्णय लेने में सक्षम हैं। उन्हें किसी दूसरे देश की सलाह की आवश्यकता नहीं है। भारत आज आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ रहा है। इसलिए विश्व में देश को आगे बढ़ाने एवं विकसित बनाने के लिए हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। मेक इन इंडिया को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को खरीदना होगा। दुनिया में हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसी भी देश की पहचान उसका झंडा होता है। विश्व के कई देशों में युद्ध की स्थिति उत्पन्न होने के कारण भारत ने बड़ी कूटनीति से न केवल अपने नागरिकों को युद्धग्रस्त देशों से निकाला है। बल्कि दूसरे देशों के नागरिकों ने भी भारत के तिरंगा झंडे को अपना आधार बनाकर इन देशों से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की नीति एवं दृढ़ नीति से देश मजबूत हुआ है और देश नरेन्द्र मोदी के शासन काल में हर दिशा में आगे बढ़ा है।


**यमुनानगर।** गांव ऊंचा चांदना में तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा, भाजपा के सरस्वती मंडल के अध्यक्ष हरदीप सैनी, भाजपा उप मंडल अध्यक्ष गोपाल, मंडल महामंत्री दीपक, चरण सिंह टोपरा, प्रवीण कुमार, रमेश कुमार,सुरेश कुमार, विनोद कुमार, गुरमुख सिंह, विनोद अरोड़ा, सतपाल सैनी व कुलवंत भाटिया आदि मौजूद रहे।

# नहर में डूबे दो युवकों में से एक का शव बरामद


**इंद्री।** गांव धमनहेरी के पास शव मिलने के बाद नहर पर खड़ी भीड़ तथा मृतक प्रदीप का फाइल फोटो।

■ नहर के हिनौरी पुल के पास नहाते समय नहर में डूब गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री/लाडवा

शुक्रवार को लाडवा के गांव बपदी निवासी करीब 37 वर्षीय प्रदीप व 24 वर्षीय साहिल पश्चिमी यमुना नहर के हिनौरी पुल के पास नहाते समय नहर में डूब गए थे।

रविवार को प्रदीप का शव इंद्री के गांव धमनहेरी के पास पश्चिमी यमुना नहर से मिला। दोनों युवकों के परिजन नहर की पटरी पर युवकों की तलाश में घूम रहे थे। जैसे ही परिजनों ने शव को नहर में तैरता देखा तो तुरंत इसकी सूचना इंद्री पुलिस व गोताखोर प्रगट सिंह को दी। सूचना मिलते ही गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को नहर से बाहर निकाला तो उसकी पहचान प्रदीप के रूप में हुई। लाडवा पुलिस शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए कुरुक्षेत्र ले गई। शुक्रवार को तीन दोस्त पश्चिमी यमुना नहर के हिनोरी पुल के पास नहाने के लिए गए थे। उसी दौरान साहिल नहर में डूब गया। उसे बचाने के लिए प्रदीप ने कोशिश की तो वह भी डूब गया। परिजनों ने नहर में प्रदीप व साहिल की काफी तलाश की। परिजनों ने नहर के सभी पुलों पर पहरे पर बैठकर युवकों की तलाश शुरू कर दी। रविवार सुबह प्रदीप का शव पश्चिमी यमुना नहर से गांव धमनहेरी के पास से मिला जबकि अभी तक साहिल का कुछ भी पता नहीं चल पाया है ।

# ससुराल आए दामाद पर जानलेवा हमला

■ ससुराल पक्ष के लोग छुड़वाने आए तो उन्हें भी घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव ताजेवाला में रक्षाबंधन पर पत्नी के साथ ससुराल आए युवक पर गांव के कुछ युवकों ने हमला कर दिया। इस दौरान जब उसके ससुराल पक्ष के लोग उसे आरोपियों से छुड़वाने आए तो आरोपियों ने ससुराल पक्ष के लोगों को भी पीट कर घायल कर दिया।

आरोपियों ने अस्पताल से लौटते समय भी उन पर हमला कर घायल कर दिया। हमले में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव ताजेवाला निवासी बालकृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह दिहाड़ी मजदूरी करता है। उसका दामाद राहुल रक्षाबंधन पर उसकी बेटी को लेकर अपने ससुराल आया हुआ था। रात को करीब सात आठ बजे राहुल अपने साले अमित के साथ बाथरूम करने के लिए घर से बाहर निकला तो गांव एक युवक ने अपनी स्विफ्ट गाड़ी उनके सामने रोक दी और कहासुनी करने लगा।

आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसके दामाद राहुल पर लोहे के हथियार से हमला कर घायल कर दिया। शोर सूनकर वह मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद वह अस्पताल में उपचार करवाने के बाद वापस घर लौटने लगे तो रास्ते में फिर आरोपी युवक ने अपने अन्य साथियों के साथ उन पर हमला करके घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में आधा दर्जन के करीब लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**गिरफ्तारी जल्द**

प्रतापनगर के थाना प्रभारी नरसिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लिफ्ट देने के बहाने महिला से ठगी बालियां

■ रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने जा रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने के लिए जा रही महिला से बाइक सवार एक युवक ने लिफ्ट देने के बहाने सोने की बालियां, छह सौ रूपये व दो मिठाई के डिब्बे ठग लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार छोटी लाइन नजदीक पंचायती गुरुद्वारा निवासी निर्मला ने बताया कि उसका सगा भाई चरणदास अपने परिवार सहित कैंप में रहता है। अपने भाई को राखी बांधने के लिए शनिवार दोपहर बाद अपने घर से एक छोटा बैग लेकर चली थी। जिसमे दो मिठाई के डिब्बे, छह सौ रुपये और मोबाइल रखा हुआ था। उसने अपने कानों में सोने की बालियां पहनी हुई थी। वह पैदल रेलवे पुल को क्रॉस कर जैसे ही शुगर मिल गेट सहारनपुर रोड पर पहुंची तो उसी समय पीछे से एक युवक बाइक पर सवार होकर आया। युवक ने उसके पास बाइक रोक उसे नमस्ते की। जिसके बाद पूछा कि आप कहां जा रही हैं। निर्मला ने कहा कि उसने युवक को बता दिया कि वह कैंप जा रही है। इस पर युवक ने कहा कि वह भी कैंप जा रहा है उसे वहां छोड़ देगा। आरोपी ने उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया और उसका बैग डिग्गी पर आगे रख लिया। कुछ दूर चलने के बाद ईस्जक फैक्ट्री के गेट के पास उसने बाइक रोक ली और उसे नीचे उतार दिया। आरोपी कहने लगा कि आगे पुलिस चेकिंग चल रही है। आपने कानों में जो सोने की बालियां डाल रखी हैं उसे दे दो।

**ऐसे की ठगी**

महिला ने बताया कि आरोपी ने धोखाधड़ी करके उसके कानों की दोनों बालियां ले लीं और उसी के बैग से 100 रूपये का नोट निकालकर बालियों को उसके ऊपर रखकर बोला कि वह इसे बैग में डाल रहा है। महिला ने बताया कि आरोपी ने बैग में से मोबाइल निकालकर उसे दे दिया। जिसके बाद आरोपी उसका बैग लेकर फरार हो गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

**खंगाल रहे सीसीटीवी फुटेज**

मामले की जांच कर रहे एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मामले में आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शटरिंग की 113 प्लेट चोरी करने पर दो गिरफ्तार

#### पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों से चोरी किया सामान और वाहन को बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव तिगरा से हजारों रुपये की शटरिंग की लोहे की प्लेटें चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों से चोरी की गई प्लेटें व वारदात में प्रयोग किए गए वाहन को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

कलानौर पुलिस चौकी प्रभारी खुशबीर सिंह ने बताया कि गत 8 अगस्त को गांव तिगरी निवासी शाहरुख खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसने आजकल गांव तिगरा में राज मिस्त्री का काम लिया हुआ है। गत सात अगस्त शाम को वह रोज की तरह काम निपटाकर घर चला गया था। आठ अगस्त को सुबह के वक्त वह तिगरा में काम करने पहुंचा तो वहां से उसे हजारों रुपये की लोहे की शटरिंग की 113 प्लेट गायब मिली। उसने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच के लिए एएसआई संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान जांच टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति वाहन में लोहे के प्लेटें लेकर कलानौर मार्ग से कहीं उन्हें लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही जांच टीम ने कलानौर के नजदीक नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरु कर दी। कुछ देर के बाद पुलिस की जांच टीम को सामने से एक गाड़ी आती हुई दिखाई दी।


**यमुनानगर।** कलानौर पुलिस द्वारा प्लेट चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किए गए दो व्यक्ति पुलिस हिरासत में बैठे हुए।

**वाहनों की जांच के दौरान पकड़े**

पुलिस ने गाड़ी को रोककर जांच की तो उसमें लोहे की प्लेटें भरी हुई थी। पुलिस ने गाड़ी में सवार दिनेश कुमार व रवि नामक दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर प्लेटों को बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने प्लेटों से भरी गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने वह प्लेटें तिगरा से चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### इंस्पायर अवॉर्ड-मानक योजना 2025-26 के लिए नामांकन शुरू

**कुरुक्षेत्र।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा देशभर के स्कूली विद्यार्थियों के लिए इंस्पायर अवॉर्ड-मानक योजना 2025-26 के नामांकन शुरू कर दिए गए हैं।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी अपने मौलिक, नवीन और विज्ञान-आधारित विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवोन्मेषी सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में समाज और देश की तकनीकी प्रगति में योगदान दे सके।

# गंदे पानी से फैली बीमारी के कारण व्यक्ति की मौत, 20 उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ जगाधरी के गांव मुकरामपुर में सप्लाई हो रहा दूषित पानी

जगाधरी के गांव मुबारकपुर में दूषित पानी ने कहर बरपा दिया है। गांव में गंदे पानी से फैल रही बीमारी के चलते करीब 46 वर्षीय जसवंत की मौत हो गई जबकि इसी गांव के लगभग 20 से ज्यादा ग्रामीण उल्टी-दस्त की गंभीर शिकायत के साथ विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। हालात यह हो चुके हैं कि लोगों को पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है।

गांव वासियों के अनुसार बीते कई दिनों से सप्लाई का पानी बदबूदार और पीले रंग का आ रहा था। बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी आंख मूंदे बैठे रहे। नतीजा यह हुआ कि दूषित पानी पीने से बीमारी गांव में तेजी से फैल गई। जिसकी वजह से जसवंत की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि हालात बिगड़ने पर अपनी जेब से पैसा खर्च कर पानी का टैंकर मंगाना पड़ा ताकि कम से कम पीने के लिए साफ पानी मिल सके। मगर निगम की ओर से अब तक न तो पानी की सप्लाई सुधारी गई है और न ही गांव में किसी तरह की सफाई या क्लोरीन का छिड़काव किया गया है। गांव के कई लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हैं, जो प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर बीमारी फैलने और एक मौत होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची। लोग मजबूर होकर प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। बुजुर्गों और बीमार लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा और ज्यादा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर पानी की सप्लाई और सफाई व्यवस्था तुरंत दुरुस्त नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से नगर निगम कार्यालय का घेराव करेंगे।

### पानीपत के इसराना में किसान महापंचायत का आयोजन

# फसल-नस्ल के लिए संघर्ष कर रही भाकियू : डल्लेवाल

■ किसान अपने हकों के लिए लड़ रहे, 25 को दिल्ली में आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के इसराना की अनाज मंडी में रविवार को किसानों की महापंचायत हुई। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर अराजनीतिक के आह्वान पर इसराना की नई अनाज मंडी में किसान महापंचायत हुई। महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने शिरकत की।

कार्यक्रम का आयोजन यूनियन के हरियाणा अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह कुहाड़ द्वारा किया गया। महापंचायत का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज जागलान ने किया। जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शमशेर पूनिया ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डल्लेवाल ने कहा कि यह लड़ाई फसल और नस्ल की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी राजनीतिक पार्टी की लड़ाई नहीं है। देश का किसान अपने हकों के लिए एकजुट होकर लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के किसानों को कर्ज मुक्त बनाने की लड़ाई है। उन्होंने साफ किया कि किसान यूनियन सिद्धपुर पूरी तरह से अराजनीतिक संगठन है। वहीं, उन्होंने चेतावनी दी कि कई किसान संगठनों ने राजनीतिक जामा पहन लिया है, इसलिए उनसे सावधान रहने की जरूरत है। इस अवसर पर जिला प्रधान शमशेर पूनिया, बिंटू मलिक, युवराज सिंह जागलान, राजस्थान से इंद्रजीत सिंह, देवेंद्र जागलान, सुरेंद्र सिंह रमन, महिला किसान सुमन जागलान समेत बडी संख्या में कियान उपस्थित रहे।


**पानीपत।** महापंचायत में किसानों को संबोधित करते भाकियू एकता सिद्धपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल।

**दिल्ली पहुंचने का आह्वान**

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि स्वामीनाथन की रिपोर्ट के आधार पर एमएसपी मिलने से देश का किसान अपने आप कर्ज मुक्त हो जाएगा। केंद्र सरकार चाहती है कि देश के किसानों की जमीन कॉर्पोरेट घरानों के पास चली जाए और किसानों को बंधवा मजदूर बनाया जाए। कॉर्पोरेट घरानों के पास खेती जाने से हमारी बेटियों की इज्जत भी सुरक्षित नहीं रहेगी। उन्होंने घोषणा की कि 25 अगस्त को दिल्ली में किसान बड़ी संख्या में इकट्ठा होंगे। उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया।

### किशोरी से दुष्कर्म किया, गर्भवती हुई

**पानीपत।** पानीपत में पडोसी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। वहीं लगातार दुष्कर्म किए जाने से किशोरी गर्भवती हो गई। वहीं किशोरी जब अपने ननिहाल गई तो उसके पेट में दर्द हुआ। ननिहाल वालों ने किशोरी को डॉक्टर को दिखाया तो उसके गर्भवती होने का पता चला। लोकलाज के चलते ननिहाल वालों ने किशारी का आबॉर्शन करा दिया गया। साथ ही भ्रूण को झाड़ियों में फैंक दिया। इधर, इस घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की। फिलहाल, पुलिस ने नानी के खिलाफ गर्भ गिरवाने का केस दर्ज किया है। वहीं, लड़की के पिता के बयान पर पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी दिनेश उर्फ दीनू पर पॉस्को एक्ट का अलग केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि लडकी की नानी पर आबॉर्शन के आरोप में केस दर्ज किया गया। जबकि दिनेश उर्फ दीनू पर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मानसिक रूप से परेशान युवक ने फांसी लगाई

■ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के जड़ौदा गांव में एक युवक ने मानसिक रूप से परेशानी के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक का अपनी पत्नी के साथ कोर्ट केस चल रहा था। जिसकी वजह से युवक परेशान था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

गांव जड़ौदा निवासी कौशल मजदूरी का काम करता था। उसकी शादी करीब आठ साल पहले हमीदा निवासी लक्ष्मी के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों के पास दो लड़कियां है। बताया जा रहा है की शादी के बाद कौशल की अपनी पत्नी के साथ नहीं बनती थी। जिसकी वजह से उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। उसकी पत्नी ने कौशल पर कोर्ट केस किया हुआ है। जिस वजह से कौशल काफी दिनों से परेशान चल रहा था। बताया जा रहा है कि रक्षाबंधन के दिन कौशल का भाई अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल गया हुआ था। वह घर पर अकेला था। जब रविवार सुबह कौशल का भाई वापस घर लौटे तो उसे कौशल फंदे पर लटका मिला। उसने मामले की सूचना पड़ोसियों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद घटना के बारे पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही शहर जगाधरी थाने में तैनात एएसआई तरसेम सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को फंदे से नीचे उतारा। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

**खबर संक्षेप**

### नशा रोकने में सहयोग दें, हेल्पलाइन जारी हुआ

**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि 'नशा मुक्त भारत 2047' के तहत गृह मंत्रालय ने नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 शुरू किया है, जो 24×7 सक्रिय रहेगा। नशीली दवाओं से जुड़े अपराधों की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से नशे के अवैध व्यापार की किसी भी सूचना को तुरंत हेल्पलाइन पर साझा करने की अपील की। डीसी ने कहा कि इस पहल से समाज में नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी और युवाओं को इस बुराई से बचाने में मदद मिलेगी।

### सांझा साहित्य मंच की गोष्ठी में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा

**करनाल।** सांझा साहित्य मंच की बैठक सेक्टर-12 कार्यालय में सरदार अंग्रेज सिंह की अध्यक्षता व कृष्ण कुमार निर्माण के संचालन में हुई। मुख्य अतिथि वसीम झिंझवानी व विशिष्ट अतिथि दलीप खरैरा रहे। कवियों ने सामाजिक, राष्ट्रीय और मानवीय मुद्दों पर काव्य पाठ किया। कृष्ण कुमार निर्माण ने भ्रष्टाचार पर तीखे व्यंग्य प्रस्तुत किए, जबकि मनोज मधुभाषी ने जीवन की कला और प्रेम पर पंक्तियां सुनाईं। वसीम झिंझवानी ने मोहब्बत में सकारात्मक सोच रखने का संदेश दिया। दलीप खरैरा ने दौर-ए-गुरबत में रिश्तों की दूरी पर कविता सुनाई। हरबंस पथिक ने दोस्ती और दुश्मनी के अनुभव साझा किए। अन्य कवियों में जय भारद्वाज, विनोद वत्स, गुलाब फक्कड़, राजन गांधी और सुषमा चोपड़ा ने भी अपनी-अपनी रचनाएं पेश कीं।

### श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर प्रवचन

**करनाल।** श्री राम मंदिर, सेक्टर-8 में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के द्वितीय दिवस पर महाराज शशांक भारद्वाज ने सत्य की महिमा पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है और साधु-संतों की सेवा ही परम धर्म है। महाराज श्री ने गोकर्ण उपाख्यान, श्री कुंती प्रसंग और श्री भीष्म पितामह चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि ठाकुर जी की भक्ति ही सबसे बड़ा धन है। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुरेश गोयल, आशा गोयल व अन्य परिवारजन रहे।

बैठक में 'हर घर तिरंगा यात्रा' की तैयारियों पर चर्चा

# यह केवल अभियान नहीं, राष्ट्र की एकता अखंडता और बलिदानों का प्रतीकः प्रवीण

13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने व दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक करते कार्यकर्ता।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा कर्ण मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 11 अगस्त को होने वाली करनाल विधानसभा की 'हर घर तिरंगा यात्रा' की तैयारियों पर चर्चा की गई।

प्रवीण लाठर ने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और बलिदानों का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने व दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

बैठक में विधायक जगमोहन आनंद, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, अशोक भंडारी, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश अरोड़ा, पार्षद संकल्प भंडारी, गौरव नागपाल, कार्यक्रम संयोजक सतीश गोयल, मंडल महामंत्री मनीष हरपाल, उपाध्यक्ष आकाशदीप कुमार, आईटी सैल प्रमुख लक्ष्य शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

#### शहर में तिरंगा यात्रा

शहर में तिरंगा यात्रा निकालने के लिए भाजपा के सभी मंडलों की एक बैठक रेस्ट हाउस पर हुई। जिसकी अध्यक्षता बैकवर्ड सेल की पूर्व चेयरमैन निर्मला बैरागी ने की। बैठक में फैसला लिया गया कि तिरना यात्रा 13 अगस्त को सांय 4 बजे निकाली जाएगी। तिंरगा यात्रा में बाइक रैली निकाली जाएगी। जिसमें हजारों बाइक होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रही निर्मला बैरागी ने कहा कि 13 अगस्त को आयोजित तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। तिरंगा यात्रा को लेकर सभी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। तिरंगा यात्रा को लेकर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से वीडियो कॉन्फरेंस से चर्चा की गई और यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं से अपील है कि तिरंगा यात्रा सभी अपनी हिस्सेदारी दे।

#### ननीलोखेड़ी में आयोजन आज

घर -घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत भाजपा द्वारा 11अगस्त को नीलोखेड़ी, असंध,इंद्री तथा करनाल विधानसभाओं में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा जबकि घरौंडा विधानसभा में 13अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।जिला प्रवक्ता शिव नाथ कपूर के अनुसार उक्त सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्राओं का नीलोखेड़ी में विधायक भगवान दास कबीरपंथी,इंद्री में विधायक राम कुमार कश्यप,असंध में विधायक योगेन्द्र राणा तथा करनाल में विधायक जगमोहन आनंद तथा 13 अगस्त को घरौंडा में विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण जो घरौंडा से विधायक भी हैं,तिरंगा यात्राओं का नेतृत्व करेंगे। इस बीच जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत तथा आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगा यात्राओं में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोग शामिल होंगे तथा इसमें किसी भी राजनीतिक दल का व्यक्ति क्यों न हो वह तिरंगे की शान में यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित हैं।

#### तिरंगा यात्रा का रूट

13 अगस्त को तिरंगा यात्रा रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और शहर के मार्गो से होती हुई पक्का पुल धाम पर पहुंचेगी।



## गुरजंट सिंह असंध और सागर कल्याण बने घरौंडा के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रविवार को युवा इनेलो की जिला कार्यकारिणी का औपचारिक ऐलान कर दिया गया। घोषणा युवा जिला प्रधान मनिंद्र सिंह पुनिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और युवा प्रदेश अध्यक्ष कर्ण चौटाला से विमर्श के बाद की।

घोषणा कार्यक्रम एक निजी रेस्टोरेंट में आयोजित हुआ, जिसमें जिला अध्यक्ष सुरजीत पहलवान, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवीर राणा, पूर्व जिला प्रधान जयपाल पूनिया सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नवनियुक्त हलका प्रधानों में गुरजंट सिंह (असंध), सागर कल्याण (घरौंडा), हनी बुधनारायण (इंद्री), ललित शर्मा (नीलोखेड़ी) और प्रवीण पाल (करनाल) शामिल हैं। दीपक पंडित को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा कुलदीप सिंह, हरबीर सिंह, अंकज मान, संदीप शर्मा और एडवोकेट सन्नी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महासचिव पद पर धर्मबीर मान, नवजोत, राजेश कुमार, गुरजंट सिंह, विक्रम मान, कृष्ण संधू और कर्ण संडीर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कई सचिव, संगठन सचिव राहुल, प्रचार सचिव अजय शर्मा, कार्यालय सचिव गौरव सैनी और कोषाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सिंगला नियुक्त हुए।

पुनिया ने कहा कि 25 सितंबर को रोहतक में पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर 'सम्मान दिवस' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश से हजारों युवा शामिल होंगे। करनाल में घर-घर जाकर निमंत्रण देने की योजना बनाई गई है। बैठक में असंध प्रधान मेहर सिंह जुंडला, घरौंडा प्रधान मनिंद्र राणा, जिला उपाध्यक्ष लाला नरवाल, जिला महासचिव छपनू नरवाल और युवा प्रदेश सचिव अमरीक सिंह भी मौजूद रहे।

# विधायक जगमोहन ने सुनीं जन समस्याएं

- जनसंवाद कार्यक्रम 'चाय पर चर्चा' का आयोजन नेहरू प्लेस में हुआ
- सेक्टर-13 एक्सटेंशन के निवासियों ने बिजली कटौती और लाइन बदलने की मांग रखी
- कुछ लोगों ने पेंशन संबंधित समस्याएं उठाईं, की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल विधायक जगमोहन आनंद का जनसंवाद कार्यक्रम 'चाय पर चर्चा' रविवार को नेहरू प्लेस में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन से हुई, जिसके बाद विधायक ने एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनीं।

सेक्टर-13 एक्सटेंशन के निवासियों ने बिजली कटौती और लाइन बदलने की मांग रखी। इस पर विधायक ने तुरंत बिजली विभाग के एसडीओ को फोन कर निर्देश दिए कि कमर्शियल लाइन को रेजिडेंशियल लाइन से अलग किया जाए। कुछ लोगों ने पेंशन संबंधित समस्याएं उठाईं, जिन पर उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों से तत्काल बातचीत की। कई कॉलोनियों के निवासियों ने सीवरेज जाम और निकासी की समस्या बताई, जिस पर विधायक ने लिखित शिकायत लेने और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

पीपीपी आईडी में तकनीकी अड़चनों से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं। विधायक ने कहा कि जनता की सुविधा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और अधिकारी लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि 'चाय पर चर्चा' जैसे कार्यक्रम जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं को तुरंत निपटाने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुबन में लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यशाला

- ब्राइट स्कॉलर स्कूल की मैडम स्वाति — को पौधा भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुबन में शनिवार को 'लैंगिक संवेदनशीलता एवं समानता' विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीएसई से संबद्ध विभिन्न विद्यालयों के लगभग 65 शिक्षकों ने इसमें भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार तिवारी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मुख्य वक्ताओं — प्रताप पब्लिक स्कूल करनाल की प्रिंसिपल मैडम पूजा मान और ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत की मैडम स्वाति — को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य वक्ताओं ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता का अर्थ केवल समान अधिकार देना नहीं, बल्कि दूसरे लिंग की भावनाओं, दृष्टिकोण और चुनौतियों को समझना व उनका सम्मान करना भी है। उन्होंने समाज में प्रचलित लिंग आधारित रूढ़ियों जैसे लड़के नहीं रोते या लड़कियों का काम सिर्फ घर संभालना है जैसी धारणाओं को तोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## रक्षाबंधन पर योग कक्षा में प्रेम और उल्लास का अद्भुत संगम

- योग साधिकाओं ने शिक्षिका नीलम बटला और निधि गुप्ता को राखी बांधकर सम्मान व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत संचालित फव्वारा पार्क, सेक्टर-12 की योग कक्षा में रविवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन योग गुरु दिनेश गुलाटी ने किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, कर्तव्य और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। यह पर्व रक्त संबंधों से आगे बढ़कर सभी के बीच आपसी सम्मान और विश्वास का बंधन मजबूत करता है। योग साधिकाओं ने शिक्षिकाएं नीलम बटला और निधि गुप्ता को राखी बांधकर सम्मान व्यक्त किया। रीना, रजनी, रितु, बबल, स्नेहा, सुरेंद्र भूटानी, अजय अमर सिंह, रवि चावल सहित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर मिठाई बांटी और इस बंधन के महत्व को साझा किया। गुलाटी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व शिक्षक और साधकों के बीच प्रेम और सम्मान का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## जरूरतमंद परिवारों की तीन कन्याओं का विवाह संपन्न

- मानव सेवा संघ 700 से ज्यादा कन्याओं का विवाह करवा चुका है

हरिभूमि न्यूज़ करनाल।

मानव सेवा संघ की ओर से रविवार को जरूरतमंद परिवारों की तीन कन्याओं का विवाह करवाया गया। संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती ने बताया कि शालू का विवाह रोहित, सुमन का विवाह सूरज तथा शालिनी का विवाह साहिल के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता और भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर ने शिरकत की। विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक हस्तियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और मानव सेवा संघ कई वर्षों से इस दिशा में सराहनीय योगदान दे रहा है। प

रवीण लाठर ने समाज के सभी समर्थ वर्गों से इस कार्य में सहयोग का आह्वान किया। स्वामी प्रेममूर्ती ने बताया कि संघ अब तक 700 कन्याओं का विवाह करवा चुका है और यह सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर डॉ. लाजपत राय, सुरिंद्र जैन, गौतम जैन, ईश्वर गुप्ता, राम शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## भागवत कथा में जीवन के सत्य का संदेश : कनिष्ठा भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



श्री सनातन धर्म मन्दिर सभा, रामनगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कथा वाचन का पुण्य अवसर प्रसिद्ध कथा वाचिका कनिष्ठा भारती को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो मनुष्य को अहंकार, मोह और लोभ त्यागकर भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा का शुभारंभ वेद मंत्रोच्चार, कलश स्थापना और दीप प्रज्वलन से हुआ।

इस अवसर पर राधे श्याम सलूजा, शाम सुंदर सचदेवा, अमर ठक्कर, जगदीश नारंग, विनोद वर्मा और धर्मपाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कनिष्ठा भारती ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने खेल-खेल में भी धर्म और प्रेम का संदेश दिया।

कथा प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक 16 अगस्त तक होगी। अंतिम दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन, झांकियां, भजन-संध्या और प्रसाद वितरण होगा। कथा स्थल को पुष्प सज्जा और रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया है, जहां श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर जिले में मंदिरों के सजावट देखने योग्य है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक रामकुमार कश्यप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने रविवार को इंद्री के गांव गढ़ी जाटान में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने युवाओं से डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के आदर्शों का पालन करने और शिक्षित होकर समाज में बदलाव लाने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्श हमें समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के पथ पर आगे बढने की प्रेरणा देते हैं। आज का यह आयोजन न केवल सम्मान का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत भी रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

10 लाख से निर्मित लंगर हाल का उद्घाटन किया

# असंध विधानसभा में 32 लाख की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

- विधायक योगेंद्र राणा ने रविवार को तीन महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनता को समर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



असंध विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और मजबूती देते हुए विधायक योगेंद्र राणा ने रविवार को तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इन पर कुल लगभग 32 लाख रुपये की लागत आई है। गांव बहलोलपुर में 10 लाख रुपये से निर्मित लंगर हाल का उद्घाटन किया गया, जो धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी रहेगा। गांव बजीदा रोड़ान में ₹12 लाख की लागत से अंकित जैलदार के घर तक के कच्चे रास्ते को पक्का किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं गांव जुंडला में ₹10 लाख की लागत से गुरु रविदास सरोवर एवं पार्क में नव निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया, जो संगत व बैठकों के लिए स्थान उपलब्ध कराएगा।

विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर गांव तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने 11 अगस्त को असंध में होने वाली 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेने का भी आमंत्रण दिया।



## सावन महोत्सव का भव्य समापन शिव भक्ति में डूबा रामनगर

**करनाल।** ॐ नमः शिवायः जाप परिवार द्वारा सनातन धर्म मंदिर, रामनगर में श्रावण मास के अंतिम शनिवार को आयोजित सावन महोत्सव का समापन शनिवार को भक्ति और उल्लास के अद्भुत संगम के साथ हुआ। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'जय शिव शंकर' के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और भजन-कीर्तन में झूमते रहे।

विशु जी ने "मेरे भोले का विवाह बड़ा ही बेमिसाल" और "बोलो हर-हर महादेव" जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यजमान के रूप में धर्मेन्द्र चावला व महेश चावला ने सहपरिवार विशेष पूजा-अर्चना की। मुख्य अतिथि विनीत छाबड़ा ने श्रद्धालुओं को शिव कृपा का संदेश दिया। पूजा का संचालन पुजारी कृष्णाचार्य जी ने विधिविधान से किया।

आयोजन की सफलता में सेवादार संजय टिक्का, नरेश छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, अशोक दुआ, कपिल ढल, सुरिंदर अघि, विकास टिक्का, जसवंत मीढ़ा, राजेश मेहरा, संजय खट्टर, रोहित खट्टर, साहिल खुराना, रोहित ग्रोवर, दीपक छाबड़ा, अमन कुमार, हन्नी मुंजाल, प्रेम कठपालिया, ज्योति मुंजाल, नीलम गुगलानी, रोजी टिक्का, तमन्ना मुंजाल और सुमन दुआ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में भंडारा हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### कृष्ण दुग्गल को सम्मानित किया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह स्थित धानक भवन कबीर छात्रावास में धानक समाज के जिला के अध्यक्ष कृष्ण दुग्गल को भाजपा में जिला सचिव नियुक्त करने पर धानक समाज द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धानक समाज के जिला के सचिव डॉ.रणधीर सिंह, रघवीर लडवाल, जगदीश नागर, जगदीश दुग्गल नौल्था, अशोक कुमार, रणधीर मोर, श्रीसंत भौंसले, इन्द्र सिंह सोलंकी, मेजर जगदीश खनगवाल पवन कायत, डॉ.प्रदीप भालसी, जगदीश नागर, भगवान दास बसौर नारा, सन्नी बसौर, सुरेन्द्र खलीला, रोहतास निनानिया, मंधीर दुग्गल, रोशनी देवी, दिलबाग खटक आदि शामिल रहे।

### जीवन में धर्म का पालन करें

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव राजाखेड़ी में विराजमान जैन संतों रोहित मुनि, श्रेयांश मुनि, रजत मुनि महाराज ठाणे तीन के चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत प्रवचन कार्यक्रम हुआ। जिसका शीर्षक था गुरु सेठ प्रकाश उपकार दिवस। रोहित मुनि ने सेठ जी महाराज के त्यागी जीवन की विस्तार से जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से जीवन में धर्म का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर श्रेयांस मुनि, मुकेश वर्मा, संजय जैन, मन्नत मलिक, श्री एसएस जैन सभा के महामंत्री सुनील जैन व मंत्री संदीप जैन छोटू आदि उपस्थित रहे।

### समाजसेवी रणबीर नहीं रहे

**इसराना।** प्रसिद्ध समाजसेवी रणबीर सिंह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निर्धन हो गया। रणबीर सिंह बीमार चल रहे थे और वे मानव संसाधन विकास मंत्रालय से सेवानिवृत्त होने के बाद समाज के बेसहारा लोगों की सेवा में लगे हुए थे। पर्यावरण को बढ़ावा देने में हमेशा गंभीरता दिखाई। रणबीर सिंह के निधन पर समाज के हर वर्ग ने दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### कार से टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** सनौली रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक राजू निवासी चांदनी बाग कालोनी की मौत हो गई। इधर, पुलिस ने मृतक के भाई सुरेश की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद राजू का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खिलाड़ियों ने योगा में दिखाया दम

**पानीपत।** पानीपत। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पानीपत द्वारा आर्य कॉलेज मिनी ऑडिटोरियम में पांचवीं योगासन खेल चैंपियनशिप करवाई गई। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष जसमेर सिंह व अशोक मित्तल ने विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन के सचिव लोकमान सिंह, भीम सचदेवा, कुलदीप, अशोक, सुभाष झांब, सुदेश, रुद्र, प्रदीप, संदीप, मीनू, प्रदीप व नीलिमा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### आधार कार्ड अपडेट को नौ सेंटर बनाएं

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने बताया कि आधार को नामांकित करवाना और समय-समय पर अपडेट रखना एक जिम्मेदारी है। जो भविष्य में कई समस्याओं से बचा सकता है और सुविधाएं प्राप्त करने को आसान बनाता है। आधार कार्ड नामांकन, सुधार और अपडेट करवाने के और भी कई महत्वपूर्ण लाभ हो सकते हैं, खासकर देश में जहां आधार एक प्रमुख पहचान पत्र के रूप में उपयोग होता है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसको लेकर सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि आम नागरिक जिले में नौ स्थानों जैसे सचिवालय के सरल केंद्र, नगर निगम कार्यालय, सिविल अस्पताल, मुख्य डाक घर, सरल केंद्र एसडीएम कार्यालय समालखा, नगर पालिका कार्यालय समालखा, बीडीपीओ कार्यालय इसराना, बापौली, सनौली खुर्द में आधार सेवा केंद्र पर अपनी सुविधा अनुसार नामांकन और अपडेट करवा सकते है।

## हैंडलूम दिवस धूमधाम से मनाया, बुनकरों को सम्मानित किया

# पानीपत को मिलेगी हैंडलूम इंस्टीट्यूट की सौगात : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। हैंडलूम दिवस पर बुनकरों को सम्मानित करते हुए मेयर कोमल सैनी, विनोद धमीजा, ओपी रानोलिया।

विश्व विख्यात टेक्सटाइल नगरी पानीपत में हैंडलूम दिवस मनाया गया। जिसका संचालन प्रधान धर्मवीर द्वारा किया गया। यह प्रोग्राम हर वर्ष आई आई एच टी एलुमनी एसोसिएशन द्वारा किया जाता है। वहीं, मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, अति विशिष्ट अतिथि मेयर कोमल सैनी मेयर, रमेश वर्मा, विनोद धमीजा का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। वहीं, प्रधान धर्मवीर सिंह द्वारा प्रोग्राम की जानकारी दी। और बताया कि हथकरघा उद्योग आज कितनी ऊंचाइयों पर है। वैसे तो हथकरघा दिवस 7 तारीख को मनाया जाता है परंतु किसी कारणवश इस बार आज मनाया गया। हैंडलूम दिवस हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2015 से विधिवत पूरे देश में मनाया जाता है। और 7 अगस्त को हैंडलूम दिवस के नाम से घोषित किया। मुख्य अतिथि मंत्री महिपाल ढांडा ने आश्वासन दिया कि पानीपत में जल्द एक इंस्टीट्यूट खोला जाएगा जिसमें युव वर्ग हैंडलूम की शिक्षा ग्रहण कर स्वरोजगार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश व हरियाणा की तरक्की में हैंडलूम उद्योग का विषय योगदान रहा। वहीं, कार्यक्रम में बुनकरों को सम्मानित किया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि हैंडलूम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वे हर संभव सहयोग करेगी। कार्यक्रम में ओम प्रकाश रानोलिया, हीरालाल डिप्टी डायरेक्टर, भंवरलाल मांडरवाल, राकेश जैन, वारिस खान, सरबजीत सिंह, सुमन, आदेश, अरुण कुमार, जतिन बिसवाल, अनिल देशवाल, हिमांशु मिश्रा, रोहित, संतोष पांडे, नितिन अरोड़ा, राकेश जैन, विपिन कुमार, विश्वनाथ गुप्ता, अनिल मित्तल, मोहन, अशोक मेहता, अनिल कुमार, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।



पानीपत। हैंडलूम दिवस पर केंद्रीय मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा से अवार्ड लेते हुए साहिल व हिमांशी धमीजा व साहिल धमीजा मिले अवार्ड का प्रदर्शन करते हुए।

## हैंडलूम दिवस पर पानीपत के साहिल इंटरनेशनल को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**पानीपत।** हैंडलूम एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में हैंडलूम दिवस पर 29वां निर्यात पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में हैंडलूम प्रोडक्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन व बिक्री में वृद्धि के लिए विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा द्वारा पदक व ट्रॉफी देकर सम्मनित किया। वहीं, पानीपत के साहिल इंटरनेशनल फर्म के मैनेजिंग डायरेक्टर साहिल धमीजा व हिमांशी धमीजा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक हस्तनिर्मित गलीचों की बिक्री में कंपनी की वृद्धि रजत ट्रॉफी से विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा ने सम्मानित किया। फर्म के मैनेजिंग डायरेक्टर साहिल ने बताया कि साहिल इंटरनेशनल ने पिछले एक वर्ष में हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री में 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। जिसके लिए उन्हें गोल्ड मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह पानीपत के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि से प्रेरित होकर अन्य निर्यातक भी हस्तनिर्मित उत्पादों के उत्पादन में आगे आएंगे। साहिल ने बताया कि पिछले लगभग 25 वर्षों से हस्तनिर्मित उत्पादन में साहिल इंटरनेशनल काम कर रही है। साहिल व हिमांशी धमीजा ने कहा कि यह सम्मान उनके पिता विनोद धमीजा की प्रेरणा से मिला है। जिन्होंने हमेशा ही ग्राहकों को अच्छे उत्पादन व ईमानदारी के साथ कर काम करने की प्रेरणा दी है।

# जय ओंकार आश्रम में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक श्रीश्री 1008 सद्गगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले द्वारा जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र में श्रावणी पूर्णिमा पर मां सतीअनुसूइया व श्रीअत्रीऋषि जी का वार्षिक प्राण-प्रतिष्ठा स्थापना महोत्सव पर सामुहिक ओंकार महायज्ञ किया गया। रक्षा बंधन महापर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने अपने अपने हवनयज्ञो में विधिवत ओंकार महामंत्र के साथ आहुतिया डाली गई। इस अवसर पर पूणार्हुति कुरड़ी वाले महाराज संदीप ओंकार द्वारा डाली गई और सामूहिक गुरु वंदना की गई। स्वामीजी द्वारा कन्या पूजन कर भंडारे श्रीगणेश किया गया। कुरड़ी वाले महाराजश्री ने प्रेरणा दी कि गुरुदेव जी कि के आशीर्वाद से मां सतीअनुसूइया जी ने हमेशा सत की रक्षा बांधी है। और सत से ही संसार बंधा है उनके चरणों में ओंकार महायज्ञ करने से मां की कृपा व गुरु प्यार से अकाल कष्ट से मुक्ति मिलती है। रक्षा बंधन महापर्व हमेशा गुरु चरणों में मनाना चाहिए। इस अवसर पर सीएम के मीडिया सलाहकार तुषार सैनी ने श्रीब्रह्मा सिद्ध पीठ् पर पूजा की गई। स्वामी जी द्वारा स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित रक्षा बंधन महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ऋषि राम शर्मा , मांगे राम, राजेश दहिया, संजय मिड्ढा अमित रणबीर जागलान वअनेको सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक सज्जनो ने शिरकत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

- पूर्व राज्यपाल ने हमेशा राष्ट्र हित में कार्य किया : डॉ. नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पूर्व राज्यपाल चौ. सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देते हुए अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी।

देश के चार राज्यों के राज्यपाल रहे, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी सत्यपाल मलिक की आत्मीय याद में हुडा सेक्टर-12 आर्य समाज मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबुध नागरिकें ने चौधरी सत्यपाल मलिक के जीवन काल से जुड़ी हुई यादों व विचारों को व्यक्त किया। वहीं शांति यज्ञ कर ईश्वर से चौधरी सत्यपाल मलिक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इधर, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि चौधरी सतपाल मलिक हमेशा हमारे दिलों में अमर रहेंगे। मलिक ने हमेशा दबे, कुचले, गरीब वर्ग की आवाज उठाने का काम किया। चार बार गवर्नर रहे, देश हित के लिए काम किया, वहीं, आवाज दबाने के लिए सरकार ने सीबीआई की रेड करवाई, लेकिन उनके तीन कमरों के घर में कुछ नहीं मिला। श्रद्धांजलि सभा के आयोजक व जिला परिषद के उपाध्यक्ष आर्य सुरेश मलिक ने कहा कि चौधरी सत्यपाल मलिक को राजकीय सम्मान न देना एक संकुचित सोच को दर्शाता है। वहीं, मलिक जैसे महान व्यक्तित्व की सेवा व संघर्ष सम्मान की मोहताज नहीं है। मलिक ने ताउम्र कमेरे वर्ग के हित के लिए संघर्ष किया।

# मंत्री के प्रयास से एकजुट हुई अंसल रेजिडेंट्स वेलफेयर एसो.

## मंत्री महिपाल ढांडा ने अपनी देखरेख में एक समन्वय समिति का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- दोनों एसोसिएशन की आपस की खींचातानी में एसएफएमएल और अंसल ने नाजायज फायदा उठाया
- एकीकृत रेज़डेंट्स वेलफेयर का गठन अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के रूप में हुआ

अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र राणा ने बताया की रविवार को एसोसिएशन की कार्यकारणी की पहली मीटिंग हुई और बताया कि अंसल में एक लंबे समय से दो एसोसिएशन अंसल में काम कर रही थी। जिसकी वजह से अंसलवासियों के काम नहीं हो पा रहे थे दोनों एसोसिएशन आपस की खींचातानी में एसएफएमएल और अंसल ने नाजायज़ फ़ायदा उठाया। दोनों संस्थाओं के आपसी झगड़े की जानकारी मिलने पर मंत्री महिपाल ढांडा ने अपनी देखरेख में एक समन्वय समिति का गठन किया, जो अंसल रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन तथा सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन को एक करके अंसल वासियों को राहत प्रदान करें। वहीं, हरपाल ढांडा ने मार्गदर्शन किया। जिसके परिणाम स्वरूप अंसल में एकीकृत रेज़डेंडेंट्स वेलफेयर का गठन अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के रूप में हुआ। जिसमें प्रधान प्रवीण गुप्ता, सचिव सुरेंद्र राणा, उप प्रधान अनिल पंवार, संयुक्त सचिव हरीश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष आशीष राठी, कार्यकारणी सुरेश गुम्बर व कुलदीप कादियान को बनाया गया है।

# हाइवे पर पेड गिरने से ट्रैफिक बाधित हुआ

*इसराना। पानीपत-इसराना हाईवे पर एनसी मेडिकल कॉलेज से आगे पानीपत की तरफ रविवार सुबह करीब दस बजे एक भारी पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। इस घटना से हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर इसराना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को वन-वे कर सुचारू किया। जबकि हाइड्रा मशीन को मंगवा कर गिरे हुए पेड को सडक से हटवा कर यातायात को सुचारू करवाया। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला कि तेज बारिश के कारण सड़क के किनारे कई पेड़ों की जड़ें नर्म हो गई थीं। इससे कई पेड़ झुककर सड़क की ओर लटक गए थे और इनमें से एक रविवार की सुबह सडक पर गिर गया।*

## रक्षा बंधन प्रेम का प्रतीकः डॉ. आहूजा

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव निंबरी स्थित श्री सोमनाथ धाम आश्रम में रक्षा बंधन पर्व पर सत्संग हुआ। सत्संग में कहा गया कि रक्षा बंधन प्रेम का प्रतीके है। राखी केवल कलाई पर ही नहीं, अपने हृदय में भी बांधनी चाहिए। राखी केवल एक धागा ही नहीं बल्कि रक्षा कवच है। यह भाई बहन के प्यार का अटूट बंधन ही नहीं बल्कि यह अपने परिवार ,अपने गुरु और भगवान के प्रति भी प्रेम और आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर मंजू रावल, कांता छाबड़ा, संतोष मनोचा, दीपा जुनेजा, रमेश आर्य, गिरीश अरोड़ा, आरएन रावल, डॉ.जगजीत आहूजा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, चुन्नीलाल चावला, राजेश सेठी, रमेश ढींगडा, अशोक मनोचा, सुभाष सोनी, गणेश ठाकुर, पंडित खेमराज, राजकुमारी सोनी आदि मौजूद रहे।

## पॉलिथीन का उपयोग बंद कर प्रकृति को स्वच्छ व सुरक्षित रखें : पवन मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा कुरुक्षेत्र में हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत 'पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल मुख्यातिथि रहे। प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए, यह हमारा कर्तव्य है कि हम पॉलिथीन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। इस मुहिम में एकजुट होकर योगदान देना होगा, तभी हम पॉलिथीन के उपयोग को पूरी तरह समाप्त कर पाएंगे। सेवा ट्रस्ट यूके के संगठन सचिव नरेश शर्मा ने सभी महिलाओं को पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील करते हुए कहा कि हमे अपने दैनिक जीवन मे खुद भी व पड़ोस मे रहने वाले सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने के प्रति जागरूक करना है।

# मेडिकल कैंप में 745 का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। गुरुद्वारा बाबा जोध सचियार, गांव आसन कलां में संतों के साथ गणमान्य नागरिक। फोटो :हरिभूमि

संत हुक्म सिंह जोधका की पावन याद में 49वा बरसी समागम में गुरद्वारा बाबा जोध सचियार, गांव आसन कलां में कीर्तन दरबार, रक्तदान शिविर, फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। वहीं, कीर्तन दरबार में भाई जगजीत सिंह बबीहा और भाई गुरबचन सिंह लाली की विशेष हाजरी रही। जबकि प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन, भू विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी मुख्यतिथि के रूप में गुरूद्वारा पहुंचे। इधर, बाबा जोध सचियार गुरुद्वारा से भाई सतनाम सिंह जोधका ने बताया की हर साल की भांति इस साल भी बरसी समागम में फ्री मेडिकल कैम्प और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है साथ ही पर्यावरण को देखते हुए 500 पौधे भी संगत में वितरित किए गए है। वहीं, भाई मनमोहन सिंह जोधका में बताया भाई हुक्म सिंह जोधका ने मानवता के लिए बहुत योगदान किया है जो आज भी उसी प्रकार सुचारू है। दूसरी ओर, गुरुद्वारे से प्रमुख सेवादार कपिल अनेजा ने बताया की पर्यावरण को घना करना, बिना लाभ हानि के स्कूल चलाना, निर्धन परिवारों की लड़कियों की शादी करवाना आदि मानवता के काम करना गुरुद्वारे का मुख्य लक्ष्य है। वहीं, फ्री मेडिकल कैम्प आदर्श एक विश्वास संस्था के द्वारा लगाया गया जिसमें 745 मरीजों के स्वास्थ की जांच कर दवाई दी गई।

# पानीपत, करनाल और कैथल के 578 सिपाहियों ने दी परीक्षा

- मुख्य सिपाही पद पर पदोन्नति को सिपाहियों ने दी बी-1 परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। करनाल रेंज में डीआईजी डा. एम रवि किरण परीक्षा केंद्र का दौरा करते हुए।

पुलिस विभाग में सिपाही से मुख्य सिपाही पद पर पदोन्नति के लिए पुलिस कर्मचारियों की बी-1 परीक्षा हुई। पुलिस विभाग में अनुसंधान अधिकारी बनाने के लिए विशेष प्रकार का कोर्स कराया जाता है। करनाल रेंज के पुलिसकर्मियों की बी-1 परीक्षा का आयोजन पानीपत के समालखा स्थित पाइट की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन हुआ। जहां करनाल रेंज के अंतर्गत आने वाले जिला पानीपत, करनाल व कैथल के महिला व पुरुष कुल 578 सिपाहियों ने बी-1 परीक्षा पास करने के लिए टेस्ट दिया। वहीं, परीक्षा में जिला पानीपत से 204 पुलिसकर्मी, करनाल से 206 व कैथल से 169 पुलिसकर्मियों ने परीक्षा दी। इधर, करनाल रेंज में परीक्षा के लिए डा. एम रवि किरण अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया था। जिनकी देखरेख में परीक्षा हुई। वहीं, डा. एम रवि किरण ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। वहीं बी-1 परीक्षा की कमेटी में पुलिस अधीक्षक करनाल गंगाराम पूनिया, एएसपी कुरूक्षेत्र प्रतीक गहलोत को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया हैं।

## हमें अपने गुरुओं व महापुरुषों का सम्मान करना चाहिए : गुरपाल

**लाडवा।** लाडवा-सरस्वती मार्ग पर स्थित श्री गुरु रविदास आश्रम में रविवार को गुरु रविदास का सत्संग हुआ। सत्संग की शुरूआत गुरु रविदास की आरती से विक्रम बकाली द्वारा की गई। सत्संग में आश्रम के संचालक महात्मा गुरपाल दास ने बताया कि यह सत्संग सतगुरु स्वामी समन दास महाराज की छठी पुण्यतिथि पर समर्पित है। उन्होंने कहा कि समन दास ने अपना संपूर्ण जीवन गुरु रविदास के प्रचार-प्रसार और लोगों को जागरूक करने में लगाया। आज हम उन्हें नतमस्तक होकर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। गुरपाल दास ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि हमें अपने गुरुओं और महापुरुषों का सम्मान करना चाहिए और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाना चाहिए। सत्संग के उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सत्संग में आई संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सतीश, जयपाल, फूला राम, पाला राम, मांगे राम, निर्मल ङ्कषसह, विनोद, रणजीत ङ्कषसह, साहिल जयपाल, सतपाल, ईमना कुमार कटारियां, रूपा देवी, रेखा, उषा रानी, रीना रानी, मनीषा रानी, पूजा, किरण कांता आदि ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप


शिविर के दौरान मौजूद संस्था के पदाधिकारी व निगम सदस्य।

### कैंप में 100 लोगों की सेहत की हुई जांच

अंबाला। अंबाला शहर की समाज सेवी संस्था विश्व शांति सेवा एवं सम्मान संगठन की अध्यक्ष मीना गर्ग ने बताया की हमारा संगठन तक़रीबन 50 मेडिकल व आंख जांच के साथ नशा मुक्ति कैंप आयोजित किए गए हैं। सावन माह के अंतिम दिन संस्था द्वारा थाइराइड,बीपी,शुगर, मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन वार्ड 9 प्राचीन शिव मंदिर जैन कॉलेज चौक के प्रांगण में किया गया जिसमें निगम सदस्य मेघा ईशू गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रही। संस्था ने निगम सदस्य मेघा गोयल को पगड़ी पहना सम्मानित किया। गोयल ने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा के कार्यों की सराहना की। कैंप में तकरीबन 100 से अधिक लोगों ने चेकअप करवाया। संगठन द्वारा लगाए गए मेडिकल शिविर में डॉ. जतिन मेंहदीरत्ता व डॉ. विपिन गौतम ने अपनी सेवा निशुल्क दी। संस्था से जुड़े डॉ सौरव,डॉ संदीप व सभी संस्था के पदाधिकारियों ने सेवा में सहयोग किया।



### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से सत्संग में उमड़ी भीड़

**नारायणगढ़।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया। इसमें आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी सुश्री हेमसुदा भारती ने साध संगत को रक्षा बंधन का रहस्य बताया कि यह पर्व पवित्रता का पर्व है। इस पर्व पर स्वयं से एक प्रतिज्ञा करनी है कि हम अपनी एक बुराई को यहीं छोड़ कर जाएंगे। जब भी बोलेंगे मुख से मीठा ही बोलेंगे।

# बाजारों से होकर निकली शीतला माता की शोभायात्रा, विज ने लिया आशीर्वाद

- कहा-माता का आशीर्वाद पाकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

साउथ इंडियन युवा क्लब द्वारा रविवार को अंबाला छावनी के बंधु नगर नजदीक सेवा समिति अंबेडकर पार्क में मां करूमारी अम्म्र (शीतला माता) महोत्सव के तहत शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने यहां पर माथा टेका और देवी मां का आर्शीवाद प्राप्त किया। यहां पहुंचने पर सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन भी किया। विज ने शोभायात्रा का आयोजन किए जाने पर आयोजकों


**अंबाला।** शीतला माता का आशीर्वाद लेते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

बधाई देते हुए कहा कि इस शोभा यात्रा में भक्त भारी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था का परिचय देते हैं। उन्हें भी शोभा यात्रा में आने का मौका मिला और मां का आर्शीवाद मिला है जिसके लिए वे अपने आपको सौभाग्यशाली मानते हैं। हर वर्ष संस्था द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता हैं, जिसमें दूर दराज से लोग यहां पर आकर इस शोभा यात्रा में शामिल होते हैं। इस अवसर पर यहीं पर नजदीक लगाए गए भंडारे में भी कैबिनेट मंत्री ने जाकर प्रसाद वितरित किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह 61वां सालाना महोत्सव हैं। जिसमें श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं और यह यात्रा विभिन्न बाजारों से गुजरती हैं। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण यह होता है कि भक्त अपनी पीठ पर कुंडी लगाकर गाडियां खिचते है, इसके अलावा गले पर त्रिशुल आर-पार करते हुए शोभा यात्रा के माध्यम से पूरे शहर की परिक्रमा करते हैं। महिला श्रद्धालु भी इस यात्रा में शामिल होती है और वे भी अपनी जीभ पर त्रिशुल को आर-पार करते हुए शोभायात्रा में शामिल होती हैं। रात के समय भक्त नंगे पैर आग पर चलकर अग्नि परीक्षा भी देते हैं। इस मौके पर किरण पाल चौहान, नगर परिषद के उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, रवि बुद्धिराजा, बलकेश वत्स, प्रवेश शर्मा, अनिल नागर, साउथ इंडियन युवा कलब से कमल कुमार, सनउग्र, शक्ति, राजेश, सुनील, प्रशांत, तंगराज व हरीश नागर, अनिल नागर, दिनेश नागर, अजय नागर, अमित नागर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### मंत्री ने जाहरपीर के समक्ष माथा टेका

जाहरवीर गोगा महाराज मेला माड़ी मंदिर प्रबधंक कमेटी द्वारा देर सांय इंदिरा पार्क के नजदीक छड़ियों के मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने शिरकत करते हुए जाहरवीर गोगा महाराज की मूर्ति के समक्ष माथा टेका। यहां पहुंचने पर सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को सम्मान का प्रतिक पगड़ी व स्मृति चिहन भेंटकर यहां पहुंचने पर उनका अभिन्दन किया। विज ने इस मौके पर मेला आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष यहां पर बड़ी धूमधाम से छड़ियों के मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दर्राज के लोग यहां आकर मेले में शामिल होते हैं। अपनी परंपराओं, आस्थाओं, मान्यताओं को बनाए रखना यहीं हमारी संस्कृति एवं संस्कार हैं। हमारी पीढियों ने हमें यह शिक्षा दी है और हम इन परम्पराओं को आगे बढाने का काम कर रहें हैं। इस मौके पर नगर परिषद् की अध्यक्ष स्वर्ण कौर, मंडल प्रधान हर्ष बिंद्रा, मंडल प्रधान रवि बुद्धिराजा, सुभाष शर्मा, सभा से प्रधान केवल भगत, महा सचिव हरिकृष्ण टांक, सचिव बाल कृष्ण हंडाला, मदन लाल भट्टी, मोहन भगत, सचिन भगत, रामनाथ खलिफा, सागर खलीफा, सुभाष खलिफा, अरूण भगत, करण खलीफा, संजय, हन्नी, सोनू खलीफा, बंटी भगत, आर्यन भगत, रमेश भगत, जस्सी भगत के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।


## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने किया आह्वान

# लोगों के स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसानः श्याम सिंह राणा

- केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कर रही है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर काम कर रही है। सरकार की नीतियां एवं योजनाएं इस प्रकार बनाई गई हैं कि किसानों की आय बढ़े और उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रविवार को मंडल प्रधान विक्रम राणा के निवास पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि भाजपा संगठन ने उन्हें नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर उन्होंने विधानसभा प्रभारी के रूप में शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं जिला पदाधिकारियों व अन्य पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। इसमें जिला पदाधिकारी, विधानसभा क्षेत्र के मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र प्रमुख सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री राणा के यहां पहुंचने पर पूर्व


**शहजादपुर।** मंत्री श्याम सिंह राणा का अभिनंदन करते भाजपा पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

विधायक डॉ. पवन सैनी, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व करमचंद गोल्डी, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन सुरेंद्र राणा, पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा, मंडल प्रधान विक्रम राणा तथा नायब तहसीलदार अमित वर्मा, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. जसविंदर सैनी, भारतीय किसान यूनियन (नरपत ) के अध्यक्ष नरपत राणा, सरपंच यूनियन जिला प्रधान कैप्टन केहर सिंह तथा पंचायत समिति शहजादपुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। राणा ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस समय में यह आवश्यक है कि हम प्राकृतिक खेती अपनाकर अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखें और बीमारियों से बचें। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों और पेस्टीसाइड के प्रयोग से मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ किसानों को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। अनाज मंडी में फसल बिकने के बाद भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में हो रहा है। इसी प्रकार भावांतर भरपाई योजना किसानों के लिए एक बड़ी राहत साबित हुई है।

### सभी से स्वदेशी अपनाने की अपील

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर अत्यधिक टैरिफ लगाया है लेकिन प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत के लिए अपने किसानों और उद्योगों के हित सर्वोपरि है। मंत्री ने सभी से स्वदेशी अपनाने और अपने देश के किसानों व मजदूरों एवं कारीगरों तथा यहां के उद्योगों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद खरीदने की अपील की, ताकि देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत हो। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मंत्री राणा का स्वागत करते हुए नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन की गतिविधियों और संरचना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में चार मंडल सक्रिय हैं और शक्ति केंद्र व बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीमें पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन (नरपत ) के अध्यक्ष नरपत राणा ने मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा हलका के करवाए गए विकास कार्यों के लिए उनका धन्यवाद किया और किसानों की मांगों से संबंधित एक मांग पत्र भी उन्हें सौंपा।


शिविर में लोगों की आंखें जांचते चिकित्सक व मौजूद आयोजक।

## पारस नगर में आंख जांच शिविर लगाया

# 300 लोगों की आंखें जांची और 180 को बांटे गए चश्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जरूरतमंदों की आंखों में नई रोशनी भरना इंसानियत का सबसे बड़ा पुण्य है। जब कोई व्यक्ति अपनी मेहनत की कमाई का हिस्सा इस नेक कार्य में लगाता है तो वह समाज में एक मिसाल बन जाता है। यह उद्गार युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने पारस नगर, दलीपगढ़ में वार्ड प्रधान सुरिंद्र लौहट और अवेयरनेस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर में व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरवारा ने कहा कि इस तरह के सेवा कार्य न केवल लोगों की तकलीफ कम करते हैं बल्कि समाज में संवेदनशीलता और एकजुटता का संदेश भी फैलाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सोसायटी जिस तरह बिना किसी सरकारी सहायता के लगातार दस सालों से समाज के लिए कार्य कर रही है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है और ऐसे संगठनों को हर संभव प्रोत्साहन और सहयोग मिलना चाहिए। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 300 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की। इनमें से लगभग 180 मरीजों को मौके पर ही मुफ्त चश्मे प्रदान किए गए। सभी को आवश्यक दवाइयां दी गई। चित्रा सरवारा ने शिविर आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि पूनम सांगवान और सुरेंद्र लोहाट अपनी संस्था और टीम के माध्यम से लगातार समाज के कमजोर लोगों की सेवा में लगे हैं। अवेयरनेस वेलफेयर सोसायटी पिछले 10 वर्षों से निरंतर सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय है। संस्था का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करना है। समिति के प्रयासों में न केवल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर शामिल हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर मरीजों के ऑपरेशन,दवाइयों की उपलब्धता पहुंचाई गई।

# बेसहारा पशुओं और गोवंश की देखभाल के लिए तैयार किया जा रहा है गो-अभ्यारण्यः श्याम सिंह राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में किसानों का बहुत बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। राणा शहजादपुर में भारतीय किसान यूनियन (नरपत) के अध्यक्ष नरपत


**शहजादपुर।** लोगों को संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

राणा के निवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर अत्यधिक टैरिफ लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके जवाब में कूटनीतिक और रणनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं, ताकि भारत के किसानों और उद्योगों के हितों की रक्षा हो सके। मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि सरकार बेसहारा पशुओं और गोवंश की देखभाल के लिए गो-अभ्यारण्य (गौ अभ्यारण्य) की स्थापना कर रही है। यहां इन पशुओं को सुरक्षित रूप से रखा जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने लोगों से स्वदेशी सामान का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हम देश में निर्मित उत्पाद खरीदते हैं, तो न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है बल्कि हमारे किसानों और मजदूरों को भी सीधा लाभ मिलता है। इस मौके पर भाजपा मंडल प्रधान विक्रम राणा सहित क्षेत्र के अनेक किसान और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मॉडल टाउन में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में आयोजित हुआ साप्ताहिक सत्संग

# संपूर्ण मानव समाज को ब्रह्मज्ञान रूपी संजीवनी की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री नैतिकता भारती ने अति दिव्य आध्यात्मिक विचारों के द्वारा उपस्थित भक्त जनों को कृतार्थ किया। उन्होंने कहा कि मन विचारों का समूह है लेकिन मन का कोई अपना अस्तित्व न होते हुए भी मन बहुत शक्तिशाली है क्योंकि हमारी वाणी और हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कर्म मन के विचारों के अनुरूप ही होता है। मन में उठी एक


**अंबाला।** सत्संग में प्रवचन करती दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्य नैतिकता भारती व अन्य।

विचार की तरंग किसी घटना या दुर्घटना को जन्म दे सकती है इसलिए हमारे संत महापुरुष कहते हैं कि अपने मन में उठने वाले प्रत्येक विचार की ओर ध्यान दें। मन का एक विचार मानव जीवन को सर्वश्रेष्ठ उंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त है लेकिन मन के विचारों को अनदेखा कर दिया जाए तो वह विचार ही विकारों में परिवर्तित होकर हमारे ही जीवन का पतन कर देते हैं। नकारात्मक और विध्वंसक विचार ही विकारों का रूप धारण करके मनुष्य को आत्मघाती तक बना देते हैं। संपूर्ण मानव समाज को ब्रह्मज्ञान रूपी संजीवनी की अति आवश्यकता है क्योंकि हम अपने आस पास इन विकारों के प्रभाव को स्पष्ट देख पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य कहीं भी सुरक्षित नहीं है। जिस परिवार व संबंधों को मनुष्य का सुरक्षित दायरा माना जाता था, वे ही आज उसके जीवन पर घात लगाए बैठे हैं। साध्वी ने इस विकट समस्या का निवारण देते हुए कहा कि यदि समाज की स्थिति को सुधारना है तो प्रत्येक मनुष्य को अपनी मनोस्थिति पर कार्य करना ही होगा। यदि हमारे पास ब्रह्मज्ञान रुपी संजीवनी है और हम निरंतर गुरु आज्ञा में चलते हुए ध्यान साधना के द्वारा आत्म साक्षात्कार करते हैं तो निश्चित ही मन के विकारों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मानव जीवन का दुर्भाग्य है कि वह इतनी भयावह परिस्थितियों में भी ब्रह्मज्ञान से जुड़ना आवश्यक नहीं समझता। आजीवन अपने मन के विकारों से जूझता रहता है।

### पुलिस ने महिला का खोया पर्स लौटाया

**जींद।** रक्षाबंधन पर्व पर ड्यूटी के दौरान उप निरीक्षक सत्यवान ने ईमानदारी का परिचय देता महिला को उसका खोया हुआ पर्स लौटाया है। पर्स में आवश्यक कागजात और 5500 रुपये नगदी राशि मौजूद थी। रक्षाबंधन के अवसर पर पुलिसबल आमजन की सुरक्षा और सुविधा के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर मुस्तैद था। इसी दौरान बस स्टैंड पर एक महिला जो जींद से रोहतक जाने के लिए आई थी का पर्स जींद में बस अड्डा गिर गया। ड्यूटी के दौरान पर्स मिलने पर उप निरीक्षक सत्यवान ने बिना समय गंवाए संबंधित महिला की पहचान व सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की। जांच पड़ताल, औपचारिकताओं के बाद पर्स उसकी असली मालकिन को सुरक्षित रूप से लौटा दिया गया। इस नेक कार्य से महिला के चेहरे पर खुशी और राहत झलक उठी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने उप निरीक्षक सत्यवान के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

**दिक्कत** कॉलोनियों में रहने वाले लोग बोले-नारकीय हो गया जीवन, दो महीने से दुर्गंध वाले पानी के बीच कट रही जिंदगी

# राम-हनुमान कॉलोनी में जीवन बदहाल, न पक्की गलियां न पानी निकासी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

साहा की राम कॉलोनी और हनुमान कॉलोनी के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कॉलोनियों में न तो पक्की गलियां है न ही पानी निकासी । बल्कि पिछले क्षेत्रों का पानी भी कॉलोनियों में एकत्रित हो गया है। गलियां भी जलमग्न है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। कॉलोनियों में मक्खी मच्छरों की भरमार है। जिससे बीमारियां फैलने का भय है। कॉलोनी वासियों ने सरकार व प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।

इन कॉलोनियों के रहने वाले रजत शर्मा, सुरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, जश्नदीप सिंह, अजय कुमार, दीपक धीमान, सुखबीर सिंह, संजय, अमन अत्री, कुलदीप, जगदीप, प्रवीण, जसविंदर सिंह, श्यामलाल, अमरीक सिंह, राजबीर सिंह, मोहित डोगरा, विरेंद्र, राजेश सैनीं,छवि कुमार ,अमरजीत सिंह, सुरेंद्र सैनी ने बताया कि वे सभी कॉलोनी में पानी निकासी की समस्या से बेहद परेशान हैं। इन लोगों ने बताया कि दोनों कॉलोनियों में करीब 250 परिवार रहते हैं। जोकि कॉलोनियों में पिछले क्षेत्र से खेतों के बरसाती पानी एकत्रित हो रहा है। जिससे जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है। इन लोगों के अनुसार यह स्थिति दो महीनों से बनी हुई है। एकत्रित पानी सड़ने लगा है। उन्होंने बताया कि एक तो कॉलोनियों की गलियां कच्ची हैं। उपर से उनमें पानी भरा है। ऐसे में घर से बाहर जाना ही मुश्किल हो चला है। बच्चों व बुजुर्गों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कॉलोनियों में मक्खी मच्छरों की भरमार हो गई है। साथ ही सांप तक निकल रहे है।

**कॉलोनियों में जलभराव व समस्या से अवगत कराते लोग**




### साहा लिंक रोड के खस्ताहाल

ग्रामीणों ने बताया कि साहा लिंक रोड़ जो साहा को हाइवे से जोडता है। वह रोड़ खस्ताहाल हो गया है। उसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। उन गड्ढों में पानी भरा हुआ है जिसके चलते उनकी गहराई का अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो जाता है। कई वाहन चालक हादसों का शिकार भी हो चुके है। मार्ग मार्केट कमेटी के अंतर्गत आता है। यहां रहने वाले लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि कॉलोनी में कीटनाशक छिड़काव किया जाए। पानी निकासी का प्रबंध हो। साथ ही साहा लिंक रोड़ दुरुस्त कराया जाए ।

### जल्द होगा समस्या का समाधान

साहा स्टेडियम के पास पाइप बंद कर कॉलोनी में आने वाला पानी बंद करा दिया गया है। कॉलोनी में बेगना नदी का पानी खेतों से आया है। जोकि अधिक पानी आने पर आ जाता है। हनुमान कॉलोनी की अधिकतर गलियां पक्की हैं। राम कॉलोनी में जो गलियां रह गई है। वो बरसात के कारण देर हो रही है। उन्हें भी जल्द बना दिया जाएगा।
*-योगेश कुमार, सरपंच, साहा*

### कॉलोनी तालाब बनीं



पानी निकासी न होने से कॉलोनियों के हालात बदहाल है। कॉलोनी तालाब बन चुकी है। मच्छरों की भरमार है। डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है। समस्या गंभीर है। इसलिए सभी कॉलोनी वासी सोमवार को सीएम विंडो का दरवाजा खटखटाएंगे । *- रजत शर्मा, पीड़ित*

### बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी



मेरे घर के सामने पूरी गली में गंदा पानी एकत्रित है। मेरे दो बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गली से घर जाना किसी जंग से कम नहीं है। इस समस्या से कई परिवार पीडित है।प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए ।
- अजय कुमार